आये है गौरी गणेश आज मोरे अंगना में

आये है गौरी गणेश, आज मोरे अंगना में,
गूंजे लगन बाजे ढोल, आज मोरे अंगना में.....

हरे हरे मंडप तले चौंक पुराऊ,
बीच में गौरी गणेश को बिठाऊ,
होगा सकल शुभ काज, आज मोरे अंगना में,
आये है गौरी गणेश......

गौरी को चुनरी गणेश को पीताम्बर,
फूलों का हार पहनाऊ अतिसुंदर,
माथे चढ़ाऊ सिन्दूर लाल, आज मोरे अंगना में,
आये है गौरी गणेश......

अक्षत चंदन धुप और बाती,
चौमुख ज्योत जलाऊ दिन राति,
भोग लगाउ भर थाल, आज मोरे अंगना में,
आये है गौरी गणेश......

गौरी मईया देगी सुख सौभाग्य,
गणपति देंगे शुभ और लाभ,
विघ्नो का होगा विनाश, आज मोरे अंगना में,
आये है गौरी गणेश......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31875/title/aaye-hai-gauri-ganesh-aaj-more-angna-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |